हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–62 : जौनपुर, शनिवार 29 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## स्वच्छ व सुरक्षित छठ का दें संदेश – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर अफसरों के साथ बैठक की और दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगामी 30 व 31 अक्टूबर को लोकआस्था का महापर्व 'छठ' मनाया जाना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में इस पर्व की विशिष्ट परंपरा रही है। हमारा प्रयास हो कि हर एक व्रतधारी श्रद्धालु जन को अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि पर्व का आयोजन सुचारु पूर्वक संपन्न हो। इस वर्ष 'स्वच्छ और सुरक्षित छठ' का संदेश लेकर लोगों की जरूरत के अनुसार सभी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सपरिवार सहभागिता होती है। ऐसे में नदी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल सहित जनसुविधा के व्यवस्थित प्रबंध किए जाएं। स्थानीय आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्था होनी चाहिए। छठ के अवसर पर अस्ताचलगामी सूर्य और उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। नदी घाटों के आस–पास पर्याप्त प्रकाश प्रबंध होना चाहिए। पर्व के अवसर पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। नदी की गहराई के अनुसार सुरक्षित क्षेत्र का चिन्हांकन किया जाए। छठ घाटों के पास स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। यहां डेंगू, बुखार व विभिन्न जल जनित बीमारियों की जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। व्रतधारी माताएं ठंडे पानी में देर तक खड़ी रहती हैं। ऐसे में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा का समुचित प्रबंध किया जाए। जिन नदी, तालाब व अन्य जलाशय पर छठ पूजन की परंपरा है, वहां पानी की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। आपात स्थिति के लिए एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों की तैनाती होनी चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिगत पूजन स्थल पर पुलिस की उपस्थिति रहे। महिला पुलिस की भी तैनाती की जाए। कुछ पुरुष पुलिस को सादी वर्दी में भी तैनात किया जाना चाहिए। ट्रैफिक का विशेष प्रबंधन करें मुख्यमंत्री योगी




ने कहा कि हर प्रमुख स्थल, जहां छठ पूजन होता है, वहां पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करें। कई बार छोटे बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ जाते हैं, ऐसे में एक हेल्पडेस्क की स्थापना भी कराई जाए। इन स्थलों पर ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो। छठ पूजन के दौरान आतिशबाजी की परंपरा है। लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि आतिशबाजी भीड़भाड़ से दूर हो, ताकि व्रत–पूजन सुचारू रूप से सम्पन्न हो। हर व्यक्ति छठ पर्व अपने पूरे परिवार के साथ मनाने की इच्छा रखता है। ऐसे में पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में लोगों को घर तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसें लगाई जाएं। दूसरे प्रदेशों से आ रहे लोगों के साथ प्रशासन व पुलिस के लोग सहयोगपूर्ण व्यवहार करें। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने के लिए सरकार संकल्पित है। विगत कुछ दिनों से डेंगू व अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढोतरी देखी जा रही है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेड मिले, उसकी विधिवत चिकित्सकीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्च स्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की सूचना कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

## छठ पूजा का आज दूसरा दिन : खरना के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत : घाटों पर बनाई गयी वेदिकाएं

वाराणसी ब्यूरो : लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत 28 अक्तूबर से हो गई है। आज छठ पूजा का दूसरा दिन है। इसे खरना, शुद्धिकरण भी कहा जाता है। महिलाओं ने आज सुबह तीन बजे व्रत की शुरुआत की। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाई जाएगी। श्रद्धालु साक्षात देव भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने की गुहार लगाएंगे। 28 को नहाय खाय के साथ महापर्व का श्रीगणेश हुआ। 30 को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। 31 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि छठ पर्व की शुरुआत 28 अक्तूबर को चतुर्थी तिथि में नहाय खाय से हो गई है। 29 अक्तूबर यानी पंचमी तिथि यानि आज महिलाएं खरना करेंगी। इस दिन सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं व्रत रखती हैं और सूर्यास्त के बाद मीठा भात या लौकी की खिचड़ी खाकर व्रत खोलती हैं। तीसरे दिन 30 अक्तूबर को षष्ठी पर्व पर व्रत रखने वाले सायंकाल गंगा तट पर या किसी जल वाले स्थान पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। दूसरे दिन भोर में 31 अक्तूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया जाएगा। पं. मालवीय ने बताया कि षष्ठी तिथि 30 अक्तूबर को प्रातः काल 5.49 बजे लग रही है जो 31 अक्तूबर को प्रातः काल 3.27 बजे तक रहेगी। 30 अक्तूबर को सूर्यास्त शाम को 5.38 बजे होगा और 31 अक्तूबर को सूर्योदय प्रातः 6.32 बजे होगा। अरुणोदय काल में दूसरे अर्घ्य के बाद व्रत का पारण होगा। क्या होता है खरना ? छठ पूजा में दूसरे दिन को "खरना" के नाम से जाना जाता है। इस दिन व्रती पूरे दिन का उपवास रखती हैं। खरना का मतलब होता है, शुद्धिकरण। खरना






के दिन शाम होने पर गुड़ की खीर का प्रसाद बना कर व्रती महिलाएं पूजा करने के बाद अपने दिन भर का उपवास खोलती हैं। फिर इस प्रसाद को सभी में बाँट दिया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। इस दिन प्रसाद बनाने के लिए नए मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी का प्रयोग करना शुभ माना जाता है। तीसरे दिन शाम के समय डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है, जिसकी वजह से इसे "संध्या अर्घ्य" कहा जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं भोर में सूर्य निकलने से पहले रात को रखा मिश्री–पानी पीती हैं। उसके बाद अगले दिन अंतिम अर्घ्य देने के बाद ही पानी पीना होता है। संध्या अर्घ्य के दिन विशेष प्रकार का पकवान "ठेकुवा" और मौसमी फल सूर्य देव को चढ़ाए जाते हैं, और उन्हें दूध और जल से अर्घ्य दिया जाता है। इस साल 31 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य दिया जायेगा।

## पत्नी की बीमारी से हुई मौत : पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के सदमे में पुत्र ने लगाया फांसी : पिता ने थाना पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप

जौनपुर पत्रकार अमित कुमार पाण्डेय : तेजीबाजार थाना अंतर्गत बरईपार कपूरपुर ग्राम के एक 24 वर्षीय युवक सूरज उर्फ दीपक माली ने बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी अनुसार सूरज की 23 वर्षीय पत्नी पूजा का 26 अक्टूबर को बीमारी के चलते निधन हो गया था। बताते चले की सूरज की पत्नी का निधन बीमारी में इलाज के दौरान हुआ था किन्तु किसी ने पुलिस को आनलाइन झूठी शिकायत कर दिया जिसके फलस्वरूप मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेने व पोस्टमार्टम कराने हेतु मृतका के दरवाजे पहुंच गई। वही पूजा के निधन की सूचना उसके मायके वालों को दी गई थी सूचना मिलते ही मृतका पूजा के माता–पिता और अन्य लोग आनन फानन में उसके ससुराल पहुंच गये थे। मायके वाले ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी की मौत बीमारी से हुई है उन्हें किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कराना है। वो अपनी मृतका बेटी के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। इतने के बावजूद तेजीबाजार पुलिस ने मृतक सूरज की पत्नी पूजा के शव को कब्जे में लेते हुए 28 तारीख को शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौप दिया। पूजा के शव के अंतिम संस्कार के बाद मृतका पूजा का पति सूरज सबके साथ घर वापस आ गया। पत्नी की बीमारी में हुई मौत के बाद पुलिसियां कार्यवाही में सूरज को बहुत सदमा पहुंचा। वही लोगों ने बताया कि इस बात से वह बहुत सदमें में था और बार–बार एक ही बात कह रहा था कि उसकी पत्नी का पोस्टमार्टम नहीं होना चाहिए था। पोस्टमार्टम और मौत के सदमे को वह झेल नहीं पाया और उसी रात खुद को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। बेटे के मौत के बाद पिता राधेश्याम पूरी तरह टूट गए है उनका कहना ही कि पत्नी कुछ माह पूर्व



ही एसिड अटैक से मर गयी थी अब 4 दिन के अंदर बेटा बहु भी उन्हें छोड़कर चले गए वह और उनका परिवार किसके सहारे जिएंगे मेरे परिवार में मेरा पुत्र सूरज ही अकेला कमाने वाला था मृतक सूरज की दो बहने हैं कल्लो 11 वर्षीय और बेबी 10 वर्षीय व तीन भाई रोहित 12 वर्षीय संजय 13 वर्षीय शनि 05 वर्षीय सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है कि उनका भाई भी चला गया माँ पहले ही चली गयी थी अब उनके बड़े भाई की मौत के बाद परिजनों का भविष्य अंधकार में हो गया। उन्हें कौन देखेगा उनका कौन सहारा बनेगा, सभी बेसहारा हो गए पिता का रो रो कर बुरा हाल है, मृतक सूरज के घर आने वाले हर किसी की यह मंजर देख कर आँखे नम हो जा रही है। वही उक्त घटना के सम्बन्ध में तेजीबाजार थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि सूचना मिलने पर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक युवक के पत्नी का पोस्टमार्टम नियम के अनुसार करवाया गया है जो अधिकारियो की जानकारी में है कही कोई लापरवाही नही हुई है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में डेंगू एवं संचारी रोगों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में डेंगू एवं संचारी रोगों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में बुखार एवं उसके उपचार, कारण, निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। जनपद के समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि फीवर हेल्प डेस्क को क्रियाशील कराएं तथा प्रतिदिन बुखार के रोगियों की सूचना जिला मुख्यालय को दें। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सूचनाएं संकलित कर रिपोर्ट प्रेषित करें। सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू के जो भी संभावित रोगी आते हैं उनकी सूचना संबंधित एडीओ पंचायत एवं अधिशासी अधिकारी नगरी निकाय को उपलब्ध कराएं, जिससे वे प्रभावित क्षेत्र में तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किए कि जनपद के सभी क्षेत्रों से रोगी आते हैं, इसलिए प्रतिदिन के डेंगू रोगियों का विवरण सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार छांट कर संबंधित अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराएं ताकि उनके स्तर से निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। डेंगू से मृत्यु के अफवाह की खबरों का डेथ ऑडिट करा कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किए। जिला पंचायत राज अधिकारी को ऐसे स्थानों पर जहां परंपरागत छठ की पूजा की जाती है वहां साफ सफाई छिड़काव एवं फागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक को पूर्व में प्राप्त हुई ब्लड सेपरेटर यूनिट के क्रियाशील कराने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया कि डेंगू की स्थिति सामान्य होने तक नालियों में छिड़काव, फागिंग, जन जागरूकता एवं साफ–सफाई जारी रखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया





कि डेंगू के विभिन्न प्रकारों के उपचार एवं सावधानी के बारे में आम जनमानस को सामान्य जानकारी नियमित जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू के बुखार कुछ ऐसे होते हैं जिनमें सिर्फ सामान्य पेरासिटामोल खाकर एवं शरीर को अच्छी तरह से हाइड्रेट कर ठीक किया जा सकता है। इसमें कुछ ही प्रतिशत रोगी ऐसे होते हैं जिन्हें चिकित्सालय एवं चिकित्सक की देख–रेख में इलाज उपचार की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सन्तुलित भोजन, स्वच्छ पानी का प्रयोग करते हुए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखे, जिससे डेगू के प्रभाव से बचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## रेल यात्रियों व रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं से कराया अवगत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मण्डल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) श्री आदित्य कुमार जी से लखनऊ में रेलवे (जेड.आर.यू.सी.सी) के



सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर रेल यात्रियों व रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण का सुझाव दिया।

## प्री–प्राइमरी के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी उभरती प्रतिभा का किया प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस.के.डी. एकेडमी वर्ष 2022 को अपने 25 वर्ष पूरे कर रहा है। इसी उपलक्ष्य में वर्षपर्यन्त कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय की सभी शाखाओं में किया गया। दिनांक 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सिल्वर जुबली कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में दिनांक 29 अक्टूबर को विद्यालय की सभी शाखाओं में प्री–प्राइमरी से कक्षा–12 तक के सभी छात्रों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं





का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए रजत जयंती विषय पर कार्ड मेकिंग, कविता लेखन, म्यूजिकल चेयर, दोहा–चौपाई, नुक्कड़ नाटक आदि का प्रदर्शन बड़े उत्साह तथा सफलता से किया। इस अवसर पर रंगोली, मेंहदी, थाल–सज्जा, पुष्प–सज्जा, लोगो डिजाइन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र–छात्राओं का प्रदर्शन देखने योग्य था। प्री–प्राइमरी के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी उभरती प्रतिमा का प्रदर्शन बड़े उत्साह से किया। विद्यालय प्रांगण बच्चों की प्रसन्नता से परिपूर्ण रहा। इस प्रकार सभी ने सिल्वर जुबली कार्निवाल में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में विद्यालय के निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा बच्चों को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया।



–सुविचार–
अपनें विचारों को नियंत्रित करना सीखें, नहीं तो वो आपको नियंत्रित करेंगे।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जलवायु परिवर्तन ने बढ़ाई आर्थिक मुश्किलें

गर्मी से निपटने की योजनाओं में अत्यधिक कमजोर आबादी के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। भारत में अहमदाबाद पहला शहर है, जिसने मई, 2010 में गर्मी से 1,300 से अधिक लोगों की मौतों के बाद एक 'हीट ऐक्शन प्लान' विकसित किया था।

इस साल मार्च और अप्रैल में भारत में आई हीटवेव (भीषण गर्मी की लहर) के प्रकोप को हम शायद भूल जाएं, लेकिन इसने दिखाया कि जलवायु परिवर्तन किस तरह से गर्मी के प्रकोप को बढ़ा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति के मेडिकल जर्नल द लैंसेट की हाल ही में आई नई रिपोर्ट भीषण गर्मी के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर नई रोशनी डालती है। आम तौर पर भारत में अत्यंत गर्मी तभी सुर्खियां बनती है, जब उससे मौत हो जाए।

स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर द लैंसेट की सातवीं वैश्विक रिपोर्ट बताती है कि 2000–2004 और 2017–2021 के बीच भारत में भीषण गर्मी से होने वाली मौतों में भी वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट कहती है कि पूरे विश्व में तेजी से बढ़ते तापमान के कारण संवेदनशील आबादी (65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और एक साल से कम उम्र के बच्चे) को 1986–2005 की तुलना में 2021 में कई गुना अधिक हीटवेव का सामना करना पड़ा।

उसके मुताबिक 2000–2004 और 2017–2021 के दौरान अत्यंत गर्मी से होने वाली मौतों में 68 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें कोविड–19 महामारी का भी योगदान था। दुनिया के 103 देशों पर नजर रखने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान में मार्च से अप्रैल के बीच गर्मी की लहरें जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ीं।

अध्ययन में कहा गया है कि अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से स्वास्थ्य सीधे तौर पर प्रभावित होता है, हृदय में रक्तसंचार और श्वसन रोग जैसी अंतर्निहित स्थितियां बिगड़ती हैं, और गर्मी का दौरा पड़ता है। इसके कारण गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणाम, खराब नींद पैटर्न, खराब मानसिक स्वास्थ्य और चोट से संबंधित मौत में वृद्धि होती है। कुल मिलाकर इससे संवेदनशील आबादी में वृद्धि होती है और उनका जोखिम बढ़ता जाता है।

अत्यंत गर्मी सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा मसला नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक मुद्दा भी है। लैंसेट ने अपनी रिपोर्ट में रेखांकित किया कि 2021 में भीषण गर्मी के कारण भारतीयों के संभावित 167.2 अरब श्रम घंटों का नुकसान हुआ। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद के 5.4 फीसदी के बराबर का आर्थिक नुकसान हुआ। लैंसेट के इस आकलन से हैरत नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव के बारे में सब जानते हैं।

असल में जिस चीज के बारे में कम जानकारी है या जिसके बारे में कम बातें होती हैं, वह है अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक गर्मी का असर, जिसमें कृषि भी शामिल है और इस तरह यह खाद्य सुरक्षा और पोषण से जुड़ा मसला भी है। इस साल गेहूं उगाने वाले प्रमुख क्षेत्र हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में गेहूं की फसल समय से पहले आई गर्मी के कारण प्रभावित हुई, जबकि उसी समय यूक्रेन पर रूस के हमले ने वैश्विक खाद्य शृंखला को बाधित कर दिया था।

ध्यान रहे, दुनिया में खपत होने वाले गेहूं का एक चौथाई से अधिक हिस्सा रूस और यूक्रेन से आता है। इस साल के शुरू में समय से पहले आई गर्मी की लहर के दौरान राजस्थान की एक सड़क यात्रा के दौरान, मैंने जलवायु परिवर्तन के अन्य संकेतकों को देखा, जो अत्यधिक गर्मी को बढ़ावा दे रहे थे। दिल्ली और जयपुर को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे–8 पर स्थित एक ढाबे के मालिक ने मुझे बताया था कि उन्हें हर दिन बर्फ पर अतिरिक्त एक सौ साठ रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, क्योंकि उनके ग्राहक 'ठंडा पानी' मांगते हैं।

यह पहला साल है, जब उन्हें समय से पहले बर्फ पर अतिरिक्त पैसा खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राजस्थान के अलवर जिले के अजमेरीपुर गांव के एक बुजुर्ग किसान ने इस साल मार्च में अप्रत्याशित भीषण गर्मी के कारण हुए नुकसान को लेकर विलाप किया। उनकी सरसों की फसल, जो आम तौर पर अट्ठारह क्विंटल होती है, बमुश्किल तेरह क्विंटल ही हुई। खाद्य कीमतों पर इसके स्पष्ट प्रभाव के कारण कृषि पर तीव्र गर्मी की लहरों के प्रभाव ने बर्तन को हिला दिया था। इस साल के पूर्वार्ध में गर्मी की लहर के कई तरह के परोक्ष प्रभाव पड़े हैं, जिन पर अमूमन ध्यान नहीं जाता।

मसलन, बिजली की कटौती, जिसके कारण सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर किसान ही प्रभावित नहीं हुए, बल्कि खराब पर्यावरण और बदतर तथा तंग क्षेत्रों में रहने वाले शहरी गरीब भी प्रभावित हुए। शहरी गरीब, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं, आम तौर पर अधिक समय बाहर बिताते हैं, गर्मी के संपर्क में अधिक होते हैं और उन्हें बहुत कम सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होती है।

यह स्वास्थ्य के अलावा श्रम उत्पादकता को प्रभावित करता है, जैसा कि द लैंसेट की रिपोर्ट दिखा रही है। तेज शहरीकरण की ओर बढ़ते भारत जैसे देश में यह भी गौर करने वाली बात है कि सघन निर्माण के कारण शहर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक गर्म होते हैं। अधिक गर्मी का मतलब है, बिजली की अधिक मांग। ऐसे में क्या किया जाए? स्पष्ट है कि सिर्फ तापमान की निगरानी ही पर्याप्त नहीं है।

उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों या उच्च जोखिम वाले समूहों की पहचान करने के लिए हमें गर्मी और आर्द्रता को ध्यान में रखने की जरूरत है। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि भारत में 'हीट वल्नरेबिलिटी इंडेक्स' (गर्मी संवेदनशीलता सूचकांक) की जरूरत है, जिसमें भौगोलिक, जनसांख्यिकी और सामाजिक–आर्थिक कारकों को शामिल किया जाए। जहां हममें से कई लोग वातानुकूलित घरों और कार्यालयों में रहकर भीषण गर्मी से खुद को बचा सकते हैं, वहीं लू से प्रभावित करोड़ों लोगों के पास ऐसी विलासिता नहीं होती।

इसलिए, गर्मी से निपटने की योजनाओं में अत्यधिक कमजोर आबादी के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। भारत में अहमदाबाद पहला शहर है, जिसने मई, 2010 में गर्मी से 1,300 से अधिक लोगों की मौतों के बाद एक 'हीट ऐक्शन प्लान' विकसित किया था। अहमदबाद मघॅडल में पूर्व चेतावनी प्रणाली, कलर कोडेड अलर्ट, सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम, स्कूलों और फैक्टरियों के समय में कटौती जैसे उपाय शामिल हैं। भारत के दूसरे शहरों ने अत्यंत गर्मी की स्थिति में इसका अनुसरण किया है। द लैंसेट की रिपोर्ट सचमुच एक चेतावनी है। हमें गर्म हो रहे हमारे ग्रह के प्रभावों को कम करके नहीं आंकना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# डीएम ने महापर्व छठ को सकुशल मनाए जाने के लिए जनपद वासियों से किया अपील

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : महापर्व छठ को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रिय जनपदवासियों,माह अक्टूबर, 2022 में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के कारण जनपद की समस्त नदियों में जलस्तर बढ़ा हुआ है। जनपद में प्रत्येक वर्ष लोक आस्था का महान पर्व 'छठ पूजा' लोगों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान व्रती पवित्र सरयू (घाघरा), राप्ती, रोहिन, आमी, गोर्रा एवं कुआनों तथा उससे आच्छादित अन्य तालाबों, पोखरों, नहर के किनारे डूबते एवं उगते सूर्य को अर्द्ध देने हेतु भारी संख्या में एकत्र होती हैं। ऐसे में किसी प्रकार की असावधानी हादसे का कारण बन सकती है, जिन पर नियंत्रण व रोक लगाये जाने हेतु मैं, आप सभी से निम्नानुसार प्रशासन का सहयोग किये जाने हेतु अपील करता हूँ कि :प्रशासन द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का पालन करें। निर्धारित मार्गों पर चलें और गाड़ियों को निर्धारित स्थल पर ही पार्क / खड़ी करें। यथा संभव घाट पर छोटे बच्चों को न ले जायें और यदि बच्चे साथ में हैं तो उनकी जेबों में अथवा गले के लाकेट में घर का पता व मोबाईल नम्बर अवश्य रखें। घाट / पूजा स्थल पर गंदगी न फैलायें । घाटों पर चिन्हित स्थलों / बैरिकेडिंग के आगे न जायें। बिजली के उपकरणों को न छुएं।पूजा स्थल / घाटों



एवं मार्गों पर आतिशबाजी न करें।अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलायें । आकस्मिक स्थिति में हेल्पलाईन नम्बर – 112 के अतिरिक्त, अग्निशमन – 101 एवं 0551–2333333 एवं आपदा प्रबंधन 9454416252 पर सम्पर्क करें। जिससे किसी अप्रिय घटना घटित होने से बचाया जा सके और यह महापर्व आपका है आप के जिम्मेदार नागरिक है प्रशासन का सदैव मदद करें आप सभी जनपद वासियों से यही अपेक्षा है।

# वनवास के छह साल बाद सियासी रण में आजम की वापसी मुश्किल : सपा को लगा झटका

लखनऊ ब्यूरो : मुस्लिमों में तगड़ी पकड़ रखने वाले और सपा के कद्दावर नेता आजम खां की विधानसभा की सदस्यता तो गई ही, साथ ही वे आगे छह साल तक चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे। गर्दिश के दौर से गुजर रहे आजम के सामने यह बड़ी चुनौती होगी कि वह अगले चुनाव तक क्या इसी पुराने अंदाज में अपनी वापसी कर पाएंगे। बढ़ती उम्र, गिरती सेहत और मुकदमों की भरमार के चलते आजम क्या इसी तरह से चुनावी रण में हुंकार भर सकेंगे। उनका प्रभाव पश्चिमी उप्र की कई सीटों पर रहा है और निकाय चुनाव की तैयारियों में लगी सपा के लिए यह करारा झटका माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2022 की बात करें तो सपा तमाम प्रयासों के बावजूद सत्ता के शिखर तक नहीं पहुंच पाई। बावजूद इसके पश्चिमी उप्र की कई सीटों पर उसने अच्छा प्रदर्शन किया। रामपुर व आसपास के जिलों में सपा ने कई सीटें जीतीं। माना गया कि आजम खां की सियासत ने इस क्षेत्र में खास तौर पर सपा को बढ़त दिलाई। रामपुर जिले की ही पांच सीटों में से तीन सपा ने जीती। आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम दोनों ही चुनाव जीते। उधर निकट के मुरादाबाद जिले में भी पांच सीटें सपा ने जीत लीं। मात्र एक सीट पर भाजपा ने विजय पताका पहराई। संभल में भी चार में से तीन सीटें सपा ने जीतीं। कुल मिलाकर पश्चिमी उप्र में सपा रालोद गठबंधन मिलकर 40 से ज्यादा सीटें जीता था। इस समय आजम खां की विधायकी चली गई है। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। सदन में उनकी गैर मौजूदगी तो सपा को कमजोर करेगी ही, साथ साथ अगले छह साल तक चुनावी समर में न उतरने के कारण आजम खां सीधा वोटरों तक अपनी पहुंच नहीं बना सकेंगे। छह साल बाद उनकी उम्र लगभग 80 साल हो जाएगी। उनकी सेहत भी गिर रही है। साथ ही अदालत में चल रहे तमाम केसों की सुनवाई क्या उन्हें इतने लंबे समय तक सियासी रण में मजबूती से खड़ा रख पाएगी। हालांकि उनके पुत्र अब्दुल्ला इस भरपाई को पूरा करने की



कोशिश करेंगे लेकिन यह आसान नहीं होगा। निकाय चुनाव में सपा करेगी लाभ उठाने की कोशिश आजम खां पर लगे इस प्रतिबंध का सपा लाभ पूरा भावनात्मक लाभ उठाने की कोशिश कर सकती है। चूंकि सपा बार बार कहती रही है कि सरकार उसके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है और फर्जी मुकदमे लगाए गए हैं। हालांकि आजम को सजा अदालत ने दी है और नियमानुसार उनकी विधायकी गई है। सजा भी भड़काऊ भाषण देने के मामले में मिली है पर इसका भावनात्मक लाभ लेने की सपा पुरजोर कोशिश कर सकती है। खास तौर से जिस तरह बसपा फिर से मुस्लिम वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रही है और सपा के लिए यह चिंता है तो इस चिंता का समाधान यह रोक भी हो सकती है। निकाय चुनाव में इसका असर साफ देखने को मिलेगा। 'नेताजी' के बाद लगातार झटके सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सपा को लगातार झटके लग रहे हैं। पहले इमरान मसूद पार्टी छोड़कर बसपा में चले गए तो इसके बाद अब आजम खां को अदालत ने सजा सुनाई है। माना जा रहा है कि सपा की आगे की राह काफी मुश्किल भरी रहने वाली है। सपा का प्रबंधन इससे काफी कमजोर हो सकता है। पहले पुत्र अब पिता की गई विधायकी आजम खां और अब्दुल्ला आजम दोनों एकमात्र ऐसे पिता पुत्र हैं जिनकी दोनों की विधानसभा सदस्यता रद्द की गई है। कम उर्म्र में चुनाव लड़ने और फर्जी दस्तावेज लगाने के कारण अब्दुल्ला आजम की विधायकी चली गई थी। हालांकि वे बाद में फिर से स्वार सीट से लड़कर चुनाव जीते।

# सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ : पैसा फोर व्हीलर का बीमा दोपहिया का

लखनऊ ब्यूरो : अगर आप अपने चार पहिया वाहन की ऑनलाइन पॉलिसी कराने जा रहे हैं तो यह खबर आपको ठगी से बचा सकती है। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट व साइबर ठगों ने ग्राहकों से मोटी रकम वसूल कर उनके चार पहिया वाहनों की जानकारी ऑनलाइन भरी। इसके बाद सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर वाहनों की श्रेणी में खेल करते हुए इसे दोपहिया कर दिया। इस तरह के करीब 434 मामले अभी तक सामने आए हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि पॉलिसी कराने के लिए संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर वाहन का नंबर भरना पड़ता है। इसके बाद सॉफ्टवेयर वाहन से संबंधित सारी जानकारी खुद–ब–खुद इकट्ठा कर लेता है। साइबर एक्सपर्ट से बात की जा रही है कि आखिर ठगों ने कैसे सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़ कर चार पहिया वाहन के विकल्प की जगह दोपहिया किया। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मो. मुस्लिम खां के मुताबिक, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के मुख्य प्रबंधक फ्रॉड कंट्रोल यूनिट आशीष वर्मा ने तहरीर दी थी। इसके आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोप लगाया कि अज्ञात गिरोह ऑनलाइन पॉलिसी बाजार के जरिये कंपनी की इंश्योरेंश पॉलिसी के नाम पर हेराफेरी कर रहा है। इसकी जांच



कराई तो सामने आया कि सितंबर 2020 से जुलाई 2021 के बीच कई पॉलिसियां जारी की गईं। इन्हें ऑनलाइन पॉलिसी बाजार पोर्टल के जरिये बुक कराया गया था। इसके बाद इसी पोर्टल के जरिये ग्राहक बनकर जालसाजों ने कंपनी से शिकायत की। डाटा बेस की जांच में सामने आया कि तीन व चार पहिया वाहन के 434 पॉलिसी कराई गईं, लेकिन इनके विवरण में दोपहिया वाहन दर्ज किया गया। इससे कंपनी को करीब 53.57 लाख रुपये का नुकसान हुआ। यह खेल करने के लिए जालसाजों ने लिन मोबाइल नंबर व ई–मेल आईडी का इस्तेमाल किया।

# सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का किया लोकार्पण व शिल्यान्यास

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) ।पृथ्वीनाथ तिराहे पर सांसद गोंडा व क्षेत्रीय विधायक ने जनसभा के सम्बोधन के बाद विभिन्न विकासखण्डों में 57 किलो मीटर दर्जनों सड़कों का लोकार्पण व शिल्यान्यास 39 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से किया ।शुक्रवार को क्षेत्र के पृथ्वीनाथ तिराहे पर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से विधान सभा क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर 57 किलोमीटर दर्जनों सड़कों का लोकार्पण व शिल्यान्यास 39 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से किया ।जिसमें विकास खण्ड रुपईडीह में खरगूपुर लोनावादरगाह मार्ग,आर्यनगर से पृथ्वीनाथ मार्ग,विकास खण्ड इटियाथोक में पूरे महालोनिया बनकट,विकासखण्ड मुजेहना में बाबागंज मोतीगंज रोड से मुड़ावन पुरवा वाया नय पुरिया मार्ग सहित 27 किलोमीटर लम्बाई की चार सड़कें 18 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से लोकर्पण किया ।वहीं विकास खण्ड इटियाथोक में गोंडा बलरामपुर रोड, इटियाथोक रेहरा बाजार बाबागंज मार्ग,दौदापुर से परसिया गूदर,गोंडा बलरामपुर मार्ग से लखनीपुर मार्ग सहित 30 किलोमीटर लम्बाई की पांच सड़कों का 20 करोड़ 93 लाख रुपये



की लागत से शिल्यान्यास किया गया ।लोकार्पण व शिल्यान्यास से पूर्व सांसद कीर्ति वर्धन सिंह व विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों का बखान किया ।जन सभा को डॉ ओ पी मिश्र,भाजपा जिलामहामंत्री आशीष तिपाठी ने भी सम्बोधित किया ।इस मौके पर राजीव रस्तोगी,राजेश सिंह,रमाशंकर मिश्रा,मुख्य पुजारी जगदम्बा प्रसाद तिवारी,धर्मेंद्र मिश्रा,राजेश सोनी,डॉ दिनेश तिवारी,पदुमनाथ शुक्ल,रविन्द्र कश्यप,संजीव गुप्ता,सोहनलाल भारती,द्वारिका प्रसाद गोस्वामी,राज कुमार गोस्वामी,राजा सोनी,महेंद्र तिवारी,बृज भूषण ओझा,अरविंद मिश्रा,सूरज शुक्ल,हरिशंकर तिवारी आदि रहे।

# उत्तर रेलवे ने 205.03 करोड़ रुपए मूल्य की परिसंपत्तियों की ई–नीलामी बिक्री कर प्राप्त किया प्रथम स्थान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री आशुतोष गंगल ने बताया कि उत्तर रेलवे ने रुपए 205.03 करोड़ मूल्य की परिसंपत्तियों की ई – नीलामी बिकी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्तर रेलवे के सभी पाँचो मण्डलो ने समय पर परिसंपत्तियों का विवरण तैयार कर इसकी ई – नीलामी हेतु बोली लगाने वाले क्रयेतायों को प्रोसाहित कर इसकी यथा समय ई – नीलामी के सुनिश्चित करने मे अपना सम्पूर्ण प्रशंसनीय योगदान किया है। मण्डल द्वारा की गई ई – नीलामी का विवरण निम्मवत है। अंबाला मण्डल – 31.47 करोड़ दिल्ली मण्डल – 115.70 करोड़ फिरोजपुर मण्डल– 29.08 करोड़ लखनऊ मण्डल – 11.51 करोड़ मुरादाबाद मण्डल – 17.26 करोड़। उत्तर रेलवे ने दूसरे स्थान पर रही पश्चिम रेलवे पर 17.70 करोड़ तथा तीसरे स्थान पर रही मध्य रेलवे पर 18.32 करोड़ रुपये की बढत कायम कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# नाग नथैया लीला में छिपा है बड़ा रहस्यः दस मिनट की लीला और लाखों श्रद्धालु : क्यों लाई जाती है कदंब की डाल ?

वाराणसी ब्यूरो : मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा स्थापित तुलसी घाट की कृष्ण लीला में आज नाग नथैया लीला का मंचन होगा। प्रातःकाल पांच बजे संकटमोचन मंदिर परिसर स्थित वन से कदंब की डाल लाई गई और तुलसी घाट पर गंगा के तट पर स्थापित की गई, जिस पर शाम चार बजकर चालीस मिनट पर भगवान श्री कृष्ण कदम की डाली पर चढ़कर गंगा (आज यमुना का रुप धारण किया है ) में कूदते हैं। अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास के महंत प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्र के सानिध्य में एवं देखरेख में आयोजित इस नाग नथैया के इस दस मिनट की लीला में भगवान श्री कृषण यमुना में स्थित कालिया नाग को दमन करते हैं। कहने को तो यह यह दस मिनट की कालिया दमन की लीला है लेकिन इसमें बहुत बड़ा गूढ़ रहस्य छिपा है। मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने आज से 400 वर्ष पूर्व इस लीला का मंचन करते समय सोचा कि आने वाले समय में हमारी नदियां प्रदूषित होंगी तो उसको कैसे बचाया जाए तो उन्होंने इस लीला के



माध्यम से समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया कि हमारी नदियां प्रकृति द्वारा मिले अनमोल रत्न है। इनको सहेजने की जरूरत है नहीं तो वह समाप्त हो जाएंगी। आज गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा आदि नदियां प्रदूषण से कराह रही हैं। सरस्वती नदी तो लुप्त प्राय ही हो गई हैं। आज जरूरत है प्रकृति द्वारा मिले इन अनमोल रत्नों नदियों को बचाने की, नहीं तो आने वाला कल हमारे लिए विनाश की तरह होगा। अगर आज जल नहीं बचेगा तो हमारा कल भी नहीं होगा। हमारा भविष्य अंधकार में हो जाएगा क्योंकि जल ही जीवन है और अगर जल नहीं बचेगा तो जीवन के बारे में सोचना ही मूर्खता है –रामयश मिश्र

# 18 दिन में कैसे होगा आधे से ज्यादा काम : सड़कों के गड्ढे भरने में लखनऊ समेत कई जिले फिसड्डी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निर्देशों के बावजूद लखनऊ, गोंडा, झांसी व मिर्जापुर समेत कई मंडल सड़कों के गड्ढे भरने में फिसड्डी साबित हुए हैं। 15 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करना है, लेकिन गोंडा, झांसी और मिर्जापुर में तो 40 फीसदी काम भी पूरा नहीं हुआ है। लखनऊ में भी महज 42 फीसदी सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा सका है। गड्ढामुक्ति के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब सिर्फ 18 दिन बचे हैं और आधा काम भी पूरा नहीं हो सका है। समीक्षा के दौरान अभियान का सच सामने आने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने संबंधित अभियंताओं को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही निर्देश दिया कि जो भी काम कराया गया है, उसका सत्यापन कराया जाएगा। जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सड़कों के गड्ढे भरने और नवीनीकरण के कार्यों की समीक्षा की। सभी जोनों के मुख्य अभियंता ऑनलाइन जुड़े थे। इसमें सामने आया कि गड्ढे भरने में सभी 18 मंडलों का औसत 47 प्रतिशत है। लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती और बांदा मंडल में काम औसत से कम है। सिर्फ गोरखपुर व मेरठ मंडल में ही 60 फीसदी से अधिक क्रमशः 61 व 67 फीसदी से अधिक काम हुआ है। दावा : 28215 किमी. सड़कें गड्ढामुक्त रिकॉर्ड के मुताबिक, पीडब्ल्यूडी के अधीन 59,631 किमी लंबी सड़कों पर गड्ढे हैं। अभी तक 28,215 किमी सड़कें ही गड्ढामुक्त हो सकी हैं। गड्ढे भरने के लिए विभाग के पास 505.11 करोड़ रुपये हैं। इसमें से अभी तक 173.80 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। सबसे ज्यादा गड्ढे राजधानी की सड़कों पर दिन–रात काम कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने अभियान में



लापरवाही पर स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयावधि में काम पूरा किया जाए। लापरवाही और गड़बड़ी बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी। कार्यों की गुणवत्ता व भौतिक प्रगति की जांच वे खुद करेंगे। विभागीय राज्यमंत्री, प्रमुख सचिव, सचिव और प्रमुख अभियंता भी प्रगति जांचेंगे। जितिन प्रसाद ने भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्गों की मरम्मत एवं विभाग के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। कहा कि दिन–रात काम किया जाए। उन्होंने हर जोन के लिए मुख्यालय स्तर से तीन सदस्यीय टीम भेजकर 5 से 10 नवंबर के बीच कार्यों की गुणवत्ता व भौतिक प्रगति का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी तलब की है। बैठक में बताया गया कि पूरे प्रदेश में 25 अक्तूबर तक विशेष मरम्मत व नवीनीकरण के तहत 10675.49 किमी सड़कों का नवीनीकरण कराया गया। जबकि, सामान्य नवीनीकरण के तहत 5224.68 किमी सड़कों के नवीनीकरण का कार्य कराया जा चुका है। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नरेंद्र भूषण, सचिव अजय चौहान और विभागाध्यक्ष संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

## थाना जफराबाद पुलिस ने 01 एनबीडब्ल्यू वारण्टी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 धनन्जय राय मय हमराह कोबरा हल्का तृतिय के कर्म0गण हे0का0 हरिशंकर प्रजापति व का0 अंकित कुमार न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0) चतुर्थ जौनपुर द्वारा–323/504/506/392 भादवि ता0 पेशी 04/11/2022 द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के वारण्टी 1. उदय भान पुत्र लक्ष्मी शंकर नि0 लाडनपुर थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता– 1.उदय भान पुत्र लक्ष्मी शंकर नि0 लाडनपुर थाना जफराबाद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 राजाराम द्विवेदी थानाध्यक्ष जफराबाद जौनपुर। 2. उ0नि0 धनन्जय राय थाना जफराबाद जौनपुर। 3. हे0का0 हरिशंकर प्रजापति, का0 अंकित कुमार थाना जफराबाद जौनपुर।

## थाना शाहगंज पुलिस ने 01 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गोवध के मुकदमें का एक वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 28.10.2022 को थाना स्थानीय के उ0नि0 श्री प्रभुनाथ यादव व हमराही कर्मचारीगण द्वारा मुखबीर की सूचना पर बडागाँव नहर के पास से एक अभियुक्त विजय बहादुर पुत्र स्व0 शिव मूरत यादव निवासी ग्राम कोहड़ा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को अवैध गांजा के साथ किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 300/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त विजय बहादुर यादव उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त विजय बहादुर पुत्र स्व0 शिवमूरत यादव उपरोक्त से पूछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि वह थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 652/2021 धारा 307 भादवि व धारा 3/5क/8 गो0नि0 अधि0 में वांछित अभियुक्त था तथा छुप छुपाकर रह रहा था । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:– 1.विजय बहादुर पुत्र स्व0 शिव मूरत यादव निवासी ग्राम कोहड़ा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:– 1. मु0अ0सं0 31/2012 धारा 3/5ए/8 गो0नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 थाना हल्दी जनपद बलिया। 2.मु0अ0सं0 916/2013 धारा 318/323/354/452/504/506 भादवि 3.मु0अ0सं0 652/2021 धारा 307 भादवि व धारा 3/5क/8 गो0नि0 अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी। 4.मु0अ0सं0 300/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण:– 1.1250 ग्राम गांजा नाजायज। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री प्रभुनाथ यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0आ0 सलीम खान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.आ0 आलोक तिवारी, आ0 बृजेश मिश्रा, आ0 अभिषेक कुमार, आ0 बृजेश यादव थाना शाहगंज जौनपुर।

## थाना खुटहन पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन व प्र0नि0 खुटहन श्री किशोर कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 श्री विजय शंकर सिंह मय हमराही कर्मचारी गण की सहायता से आज दिनांक 29.10.2022 को मु0अ0सं0–259/22 धारा 354/506/504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त शुभम गुप्ता पुत्र लालचन्द्र गुप्ता ग्राम ताखा पश्चिम थाना शाहगंज जौनपुर को खुटहन चौराहा टेम्पू स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त शुभम गुप्ता उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1. शुभम गुप्ता पुत्र लालचन्द्र गुप्ता ग्राम ताखा पश्चिम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0–259/22 धारा 354/506/504 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि विजय शंकर सिंह थाना खुटहन जनपद जौनपुर 2.का0 सुनील मौर्या, का0 आशीष यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने गैगेस्टर के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के दिशा निर्देशन मे थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त राम सुन्दर राजभर उर्फ गोरई पुत्र नन्द कुमार राजभर निवासी ग्राम मोजरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 333/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना जलालपुर जौनपुर को अखड़ूघाट पुल (धर्मापुर) के पास से आज दिनांक 29.10.2022 नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.राम सुन्दर राजभर उर्फ गोरई पुत्र नन्द कुमार राजभर निवासी ग्राम मोजरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग –1–मु0अ0स0 38/2021 धारा 3/5।/8 गोवध निवारण अधि




ानियम एवं 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम थाना जलालपुर जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 333/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना जलालपुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.विक्रम लक्ष्मण सिंह थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 रामशंकर पाण्डेय, उ0नि0 अजीमुस्सलाम थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 3.हे0का0 सुधीर राय, हे0का0 गुलाबचन्द यादव, का0 विजय यादव, का0 अमित यादव, म0का0 दीपलता सिंह, म0का0 प्रतिक्षा गुप्ता थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

# थाना तेजीबाजार पुलिस द्वारा चोरी किये गये माल के साथ 01 शातिर चोर किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे तथा मुझ थानाध्यक्ष के नेतृत्व मे थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त महेन्द्र कुमार गौतम पुत्र गनपत गौतम निवासी ग्राम भोसिला / पन्नीकापूर थाना तेजीबाजार जिला जौनपुर के कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत सम्बन्धित मु0अ0सं0 8/22 धारा 379/411 मे चोरी की गयी माल मशरुका बरामद हुआ। अभियुक्त महेन्द्र कुमार गौतम उपरोक्त को पन्नीकापूरा नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द संबंधित मुकदमा मे विवेचनात्मक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. महेन्द्र कुमार गौतम पुत्र गनपत गौतम निवासी ग्राम भोसिला / पन्नीकापूर



थाना तेजीबाजार जिला जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 8/22 धारा 379/411 भादवि थाना तेजीबाजार जौनपुर। बरामदगी– 1.दो साफ्टीन व चार पुलिया लोहे धातु की तथा 3800.00 रुपया नगद गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1– उ0नि0 राजीव मल्ल थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर। 2– का0 अमरजीत यादव, का0 श्यामू कुमार चौहान, का0 बलवन्त थाना तेजीबाजार जनपद जौनपुर।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदक अपूर्ण अभिलेखों को पूर्ण करें

जौनपुर सू.वि. : मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना वर्ष 2022–23 में ऑनलाइन वेबसाइट पर किये गये आवेदनों में कई अपूर्ण है। आवेदक इन्हें पूर्ण करें, ताकि आवेदक को योजना का लाभ देने हेतु चयन किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ दस्तावेज जैसे फोटो, हस्ताक्षर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी/पट्टा, शपथ–पत्र तथा वाहन हेतु आवेदित आवेदको द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस व अनुसूचित जाति जनजाति के आवेदक जाति प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किये है, उनके आवेदन पत्र उक्त कमी के कारण वापस किये जा रहें है। ऐसे लोगों को मोबाइल फोन से भी सूचना दी जा रही है कि तीन दिवस के अन्दर अपने आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर अपूर्ण अभिलेख पूर्ण करें, अन्यथा की दशा में आवेदन पत्र को चयन हेतु प्रस्तावित किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। इसके अतिरिक्त 20 लाख से अधिक की परियोजनाओं के लाभार्थी लाभार्थी अंश का कम से कम 25 प्रतिशत बैंक ऋण हेतु बैंक का सहमति पत्र तथा 50 लाख या उससे अधिक की परियोजनाओं हेतु कम से कम 3 वर्ष का मत्स्य पालन क्षेत्र का अनुभव प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करें, अन्यथा की दशा में आपका आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

## व्यापार मंडल ने इंपिरियस मशीन के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिलकर डेंगू बीमारी से लोगों को राहत पहुंचाने हेतु इंपिरियस मशीन (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स मशीन) के लिए निम्नलिखित बातों को बताते हुए अनुरोध किया की इस समय पूरे जनपद में डेंगू बीमारी का प्रकोप फैला हुआ है। इस बीमारी में काफी मरीजों को प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ रही है परंतु मरीज ज्यादा होने के कारण इसकी कमी महसूस की जा रही है जनहित को ध्यान में रखते हुए व्यापार मंडल निम्नलिखित निवेदन कर रहा ताकि हमारे जनपद में इस बीमारी से किसी की मृत्यु ना हो सके !द प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी ने बताया कि इंपिरियस मशीन से सिंगल डोनर से प्लेटलेस ज्यादा मात्रा में उपलब्ध हो जाता है और मरीजों को बीमारी से त्वरित निदान मिल जाता है ! नगर अध्यक्ष राधेरमण ने जिलाधिकारी से मिलकर बताया की जनपद में सिर्फ एक प्राइवेट हॉस्पिटल में यह मशीन उपलब्ध है जिसका चार्ज साधारण जनता के लिए दे पाना संभव नहीं हो पा रहा है जिससे कि मृत्यु की संख्या बढ़ रही हैद जिला अस्पताल में यह मशीन काफी दिनों से उपलब्ध है परंतु स्टॉल नहीं हुआ है महामारी को देखते हुए इसको अभिलंब स्टॉल कराने की कृपा करें ! तथा आई एम ए भवन में यह मशीन उपलब्ध है परंतु अभी तक इसको चलाने का लाइसेंस प्राप्त नहीं हुआ है आपसे आग्रह है लाइसेंस की प्रक्रिया को अभिलंब पूर्ण कराने का कृपा करें ताकि महामारी का रूप ले रहा डेंगू बीमारी से लोगों को बचाया जा सके प्रतिनिधिमंडल में नगर महामंत्री दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरी महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल तथा रविंद्र अग्रहरि नगर उपाध्यक्ष अमर जौहरी एवं संतोष कुमार साहू मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि सुधांशु गुप्ता हफीज शाह अनिल वर्मा यशवंत साहू मोहम्मद फरमान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छठ पूजा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 30.10.2022 को समय 14:00 से 19:00 बजे तक व दिनांक 31.10.2022 को प्रातः 4:00 से 8:00 तक डाला छठ पर्व के सम्बन्ध में यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत व्रती महिलाओं को घाट तक सुगमता पुर्वक पहुचनें को लेकर नगर क्षेत्र के अंदर वाहनों का डायवर्जन, यातायात की सुगमता व पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु निम्न स्थानों से किया जाएगा । आमजन से अनुरोध है कि डायवर्जन किए गए स्थानों से अपने वाहन को ना ले जाए । डायवर्जन स्थानः– 1– पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलन्दगंज की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। 2– जेसीज से ओलांदगंज की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। 3– जोगिया पुल के नीचे से नक्खास/ओलन्दगंज की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। 4– अशोक टॉकीज तिराहा/ सद्भावना मोड़ से सद्भावना पुल की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। 5– चाहरसू तिराहे से शाहीपुर की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। 6– ओलन्दगंज चौराहे से शाही पुल की तरफ तीन पहिया व चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। पर्व के दृष्टिगत पार्किंगः– छठ पर्व की सामग्री / व्रती महिलाओं के वाहन नदी घाट के नजदीक तक जा सकते हैं जिनकी पार्किंग निम्नवत स्थानों पर होगी। 1– नक्खास तिराहे से सद्भावना पुल के तरफ जाने वाली पर्व संबंधित वाहन नदी से पहले दाहिने हाथ चाहारदीवारी के अंदर व प्राथमिक विद्यालय परिसर में खड़े होंगे । 2– अशोक टाकिज से सद्भावना पुल के तरफ आने वाले पर्व संबंधित वाहन नदी से पहले किला के पीछे मेन रोड पर किनारे पार्क होंगे । 3– चाहरसू से शाही पुल के तरफ व पॉलिटेक्निक से शाही पुल के तरफ आने वाले पर्व संबंधित वाहन बदलापुर पड़ाव सेंटर पार्किंग में खड़े होंगे ।

## मूर्ति विसर्जन कराने गए सिपाही के साथ बदसलूकी : मनबढ़ों ने फाड़ी वर्दी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खास में गुरुवार की शाम मूर्ति विसर्जन कराने के लिए पहुंचे चौरीचौरा के एक सिपाही के साथ बदसलूकी की गई। डुमरी खास गांव के युवकों ने गाली गलौज करते हुए सिपाही की वर्दी को भी फाड़ दिया। पीड़ित सिपाही ने एक



नामजद व पांच छह युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। चौरीचौरा थाना पर तैनात कांस्टेबल राहुल यादव और मनोज यादव डुमरी खास के बंधू सिंह स्मारक के पास मूर्ति विसर्जन कराने में लगे थे। इसी दौरान आधा दर्जन युवक तेज गति से गाड़ी चलाते हुए पहुंचे। दोनों सिपाहियों ने युवकों को ऐसा करने से मना किया तो सभी युवक सिपाहियों से भीड़ गए और उनके साथ बदसलूकी करते हुए गाली गलौज करने लगे। युवकों ने कांस्टेबल राहुल की वर्दी को फाड़ दिया और उनका बैज नोंच लिया। सिपाहियों ने जब फोर्स मंगाने की बात की तो युवक वहां से भागने लगे। भागते समय सिपाहियों ने एक युवक की गाड़ी को पीछे से खींच लिया। जिससे वह अपनी गाड़ी वहीं छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को सीज कर दिया। कांस्टेबल राहुल यादव की तहरीर पर चौरीचौरा थाने में आरोपी युवक डुमरी खास निवासी अनिल मौर्या पुत्र दूधनाथ मौर्या व पांच छह अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## गंदगी से एक तरफ संक्रामक फैलने का डर : दूसरी ओर गांव में लगा गंदगी का अंबार : आखिर जिम्मेदार कोन?

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : ब्लॉक मवई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवरा में कहने को सब कुछ ठीक दिखाया जाता है,लेकिन हकीकत कुछ और ही है।आपको बता दें कि ग्राम पंचायत नेवरा में साफ सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।सफाई कर्मी नदारद हैं ऐसे में गांव की ज्यादा तर गलियां कचरे से पटी दिखाई देंगी। उससे उठ रही दुर्गन्धा से लोगों का जीना दुश्वार है।उस रास्तों से आने जाने वालों को दुर्गंधा का सामना करना पड़ रहा है।कई गलियों में बरसात बंद होने के बाद भी जल भराव और कीचड़ के जमाव की समस्या से जनता जूझ रही है।सब कुछ ठीक का दावा करने वाली ग्राम पंचायत नेवरा की जूठे दावो की पोल खोल रही है।विकास खंड मवई का नेवरा गांव आज कचरे के ढेर पर खड़ा दिखाई देता है।जब इस सम्बंध में हमारे संवाददाता ने खंड विकास अधिकारी मवई से बात की तो उन्होंने जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया,लेकिन आज भी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।आखिर सफाई कर्मी होने के बाद भी क्यों नहीं होती गांवो में सफाई उसे किसका संरक्षण प्राप्त है जो सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।आखिर इसका जिम्मेदार कौन है गांव का मुखिया या संबंधित अधिकारी?

## मुस्कुराइए! आप अयोध्या में हैं : नहीं दुरुस्त हो सकी है लखनऊ गोरखपुर अयोध्या गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाली

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अगर आप इस चक्कर में हो कि लखनऊ से अयोध्या होकर गोरखपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुगमता से अपनी यात्रा कर सकते है तो आप इस मुगालते में न रहे । यही नहीं अगर आप यह भी सोच रहे होंगे कि लखनऊ से अयोध्या की दूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जहां हाइवे की सड़क पहले ठीक होने के कारण कम समय में तय करते आ रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि सड़क दुरुस्त होगी और समय भी कम लगेगा तो आप इस भ्रम में भी न रहे । इसलिए अगर आपको लखनऊ अयोध्या होकर गोरखपुर जाना होगा तो आप लोग काफी समय निकाल कर और हाइवे के ऊबड़ खाबड़ रास्ते से जाने के लिए कमर कस लीजिए । वह इस लिए क्योंकि लखनऊ से अयोध्या गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत काफी खराब हो गई है । हालांकि कहीं कहीं उसकी मरम्मत भी की जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी अभी भी इस हाइवे की हालत देखने लायक है । इसी का नतीजा यह है कि राहगीरों को अपने अपने वाहनों को लाने ले जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । हाइवे की बदहाली का आलम यह है कि जितना समय पहले सुगम यात्रा करने में लगता था उससे कहीं अधिक समय इस समय यात्रा करने में लग रहा है । इसके कारण लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगो का कहना है कि जब तक हाइवे की बदहाल सड़क की बदहाली ठीक से नहीं दुरुस्त हो जाती है तब तक हाइवे पर यात्रा करने वालो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा । स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के निदान करने की मांग की है।

## मेडिकल कॉलेज का एक चिकित्सक निष्कासित : तीन कर्मी निलंबित

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज दर्शननगर में 23 अक्टूबर की रात आर्थो वार्ड में भर्ती मरीज के बेड से गिरने के बाद 12 घंटे तक उपचार न मिलने से हुई मौत के मामले में चिकित्सक व स्टाफ की लापरवाही सामने आई है। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रकरण में चिकित्सकों ने सीनियर डाक्टर को न तो सूचना दी और न ही किसी प्रकार की राय ली। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शुक्रवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सत्यजीत वर्मा ने दो चिकित्सक व तीन स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की है। गौरतलब है कि उपचार के लिए पूराबाजार के बैसिंगपुर गांव निवासी कौशलेन्द्र सिंह पुत्र इंद्रसेन सिंह को मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उपचार के दौरान वह बेड से नीचे गिर पड़ा था और परिजनों तथा तीमारदारों के अनुरोधा के बावजूद उसको मेडिकल कॉलेज में ठीक से उपचार नहीं मिल पाया, जिसके चलते 12 घंटे बाद उसकी 23 अक्टूबर को मौत हो गई थी। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। शिकायत पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन डॉक्टर रीनता शर्मा, डॉ. आनंद शुक्ला व डॉ. जेपी तिवारी की तीन सदस्यीय समिति बनाई थी और 28 अक्टूबर को रिपोर्ट देने को कहा था।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में डाक्टर और स्टाफ को लापरवाही का दोषी माना है। रिपोर्ट के आधार पर डा. अभिषेक सिंह को निष्कासित किया गया है और दूसरे चिकित्सक डा. विनोद आर्या को चेतावनी जारी की गई है। वहीं घटना के समय ड्यूटी पर तैनात तीन स्टाफ अर्चना तिवारी, दीपमाला सिंह व किरन यादव को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इलाज में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अतिक्रमण होने के चलते संकट में तमसा नदी का अस्तित्व

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय लोगों द्वारा अतिक्रमण करने से तमसा नदी पर खतरा मंडराता हुआ नजर आ रहा है। जिसके चलते रामायण कालीन तमसा नदी के अस्तित्व पर संकट छाया है।अगर देखा जाय तो 89 किलोमीटर लम्बी इस नदी पर जगह –जगह अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर रखा है।जिसके चलते लगातार नदी की चौड़ाई कम होती जा रही है। वही इस समय खासकर यहां काजी सराय बाजार में अतिक्रमणकारियों ने नदी को नाले के रूप में तब्दील कर दिया है।कभी 250–300 फीट चौड़ाई में बहने वाली नदी अतिक्रमण के कारण सिकुड़ते सिकुड़ते महज 60–70 फीट ही रह गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि एनजीटी के नियमों का तहसील प्रशासन भी पालन करा पाने में असमर्थ है।जबकि नियम यह है कि नदी के दोनों ओर सौ सौ मीटर दायरे में मकान आदि नहीं बनाए जा सकते हैं लेकिन यहां बीते पांच वर्षों में कब्जा कर नदी का अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है।वहां के लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह अतिक्रमण जारी रहा तो दो–चार वर्षों के बाद नदी सिर्फ मानचित्र के पन्नों में ही सिमट कर रह जाएगी।भविष्य में आने वाली पीढ़ी मानचित्र के सहारे ही जान पायेगी कि काजी सराय से होकर रामायण काल की तमसा नदी भी बहती थी।इस नदी का रामायण कालीन धार्मिक इतिहास रहा है।तमसा नदी का उल्लेख रामायण और प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम द्वारा भी वनवास यात्रा के दौरान सीता जी लक्ष्मण जी के साथ प्रथम रात्रि तमसा नदी के तट पर प्रवास करने का उल्लेख रामचरितमानस एवं रामायण में मिलता है।जिस पर निवर्तमान जिलाधिकारी डॉ अनिल पाठक की सराहनीय पहल के चलते करोड़ों रुपए खर्च करके मनरेगा योजना के तहत तमसा नदी का गहरीकरण भी कराया जा चुका है। क्षेत्र के जागरूक लोगों का कहना है कि नदी के किनारे अतिक्रमण होने के चलते नदी के आकार आकृति से छेड़छाड़ हो रही है। वही अतिक्रमण होने से प्राचीन नदी के मूल स्वरूप में परिवर्तन दिखाई पड़ रहा है।जलालपुर शाहगंज मार्ग के किनारे क्षेत्र की पुरानी काजी सराय बाजार स्थित है।सड़क के समीप से उत्तर दिशा में तमसा नदी गुजरती है। सड़क के पटरी के किनारे पूरी बाजार बसी हुई है और सड़क बाजार के बीच से गुजरती है। बताया गया कि सड़क के उत्तर तरफ कई दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों और मकान को काफी पीछे बढ़ाकर नदी की जमीन में निर्माण करा लिया गया है। जिसके चलते



तमसा नदी अतिक्रमण की चपेट में हो गई है। और इसका स्वरूप एवं आकृति बाजार के किनारे बदली नजर आ रही है। कुछ निर्माण पुराने हैं जबकि कुछ लोगों द्वारा नया निर्माण किया गया है। तमसा नदी के किनारों पर दूर–दूर तक पाटों पर कूड़े के ढेर के अलावा लोगों की बहुमंजिला इमारतें बनी हुईं या निर्माणाधीन हैं। बाजार से निकलने वाले कचरे को नदी के किनारों पर ठिकाने लगाया जाता है। इस संबंध में तहसीलदार बीकापुर ने बताया कि काजी सराय बाजार में कुछ लोगों द्वारा तमसा नदी के किनारे अतिक्रमण व अवैध निर्माण किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। राजस्व टीम से नदी की जमीन का सर्वे करवाकर नदी की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा।इस नदी का उदगम् स्थल मवई के ग्राम लखनीपुर में माना जाता है। यहां पर एक सरोवर से इसका अभ्युदय हुआ है।तमसा नदी मवई, रुदौली, अमानीगंज, सोहावल, मिल्कीपुर, मसौधा, बीकापुर और तारुन आदि विकास खंडों से होते हुए फैजाबाद से अम्बेडकरनगर व गोसाईगंज के पास तक प्रवाहित होती है।वर्तमान में यह नदी अम्बेडकर नगर से निकलकर आजमगढ़, मऊनाथ भंजन (मऊ) होते हुए बलिया जिले में गंगा में मिलती है।इसकी कुल लंबाई 89 किलोमीटर बताई जाती है।

## आईआईटी बीएचयू में शुरू तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम

वाराणसी ब्यूरो : आईआईटी बीएचयू में दाखिला लेने वाले नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को शुक्रवार को संस्थान की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें संस्थान में चलने वाले कोर्स, शोध कार्यों के साथ ही उपलब्धियों के साथ ही चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। स्वतंत्रता भवन में 28 से 30 अक्टूबर तक चलने वाले ओरियंटेशन/ इंडक्शन प्रोग्राम के पहले दिन बीटेक में दाखिला लेने वाले 16 सौ छात्र–छात्रा संस्थान पहुंचे। डीन एकेडमिक प्रो. एसबी द्विवेदी ने बताया कि देश के विभिन्न स्थानों से प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं को संस्थान की स्थापना के उद्देश्यों, यहां संकाय और विभागवार उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही संकाय और विभागों में होने वाले शोध, योजनाओं से भी अवगत कराया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने भी अपना परिचय और आईआईटी बीएचयू में दाखिला लेने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। प्रो. द्विवेदी ने बताया कि 30 अक्टूबर तक अलग अलग व्याख्यान भी होंगे।

## चालीस हजार की वसूली मामले मे एसएसपी ने थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर : चार सिपाही निलंबित

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भाजपा किसान मोर्चा महानगर मंत्री और बूथ प्रभारी पूराकलंदर थाना क्षेत्र के केशवपुर अंजना गाँव निवासी रमेश कुमार पांडेय को जबरिया थाने ले आकर एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट में जेल भेजने की धमकी देकर 40 हजार रुपया वसूलने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने पूराकलंदर थाने के चार सिपाहियों को निलंबित कर थाना प्रभारी राजेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।ज्ञात हो कि अभी कुछ दिनों पहले इसी थाने के एक सिपाही को चंद दिन पूर्व धन उगाही के आरोप में निलंबित किया गया था।बताया गया कि 23 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे केशवपुर अंजना गाँव पहुंचे पूराकलंदर थाने के सिपाहियों ने भाजपा किसान मोर्चा के महानगर जिला मंत्री तथा गांव के बूथ प्रभारी रमेश कुमार पांडेय पुत्र स्व. स्वामीनाथ के घर की जबरिया तलाशी ली थी।तलाशी में कुछ भी न मिलने के बावजूद पुलिसकर्मी भाजपा नेता को पूराकलंदर थाने ले गए।थाने ले जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने उनको धमकाया कि 50 हजार रूपये दो, नहीं तो एफआईआर दर्ज करवा कर जेल भेज देंगे।भाजपा नेता ने कहा कि न तो उन्होंने कोई अपराध किया है और न ही उनके घर से तलाशी में कोई आपत्तिजनक वस्तु मिली है, तो उनके खिलाफ किस अपराध में कार्रवाई होगी।इस पर सिपाहियों ने पुड़िया दिखाकर कहा कि अपराधा और मुकदमा तो पुलिस बनाती है। इसी स्मैक और तमंचा–कारतूस में एफआईआर दर्ज करवा चालान कर दिया जायेगा।डरे सहमें भाजपा नेता ने अपनी जान बचाने के लिये परिचितों से रुपया उधार लिया तथा पुलिस को 40 हजार दिया और चिरौरी–विनती कर किसी तरह थाने से छूटे। पुलिस के चंगुल से छूटने के बाद उन्होंने आप–बीती पार्टी के पदाधिकारियों को बताई तो पदाधिकारियों ने दीपोत्सव और प्रधानमंत्री का आगमन होने का वास्ता देकर शांत रहने को कहा।कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पीड़ित भाजपा नेता ने शुक्रवार को शिकायत एसएसपी दी।शिकायत में उनका कहना है कि थाने सिपाही राहुल सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा और शाहिद खान ने उनके घर पहुंच बेवजह तलाशी ली और कुछ भी न मिलने के बावजूद थाने लेकर स्मैक और असलहे में जेल भेजने की धमकी देकर 40 हजार रूपये वसूल लिया। जिसकी जांच उन्होंने सीओ अयोध्या डाक्टर राजेश तिवारी को सौंपी।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले में एसएसपी प्रशांत वर्मा ने देर रात पूराकलंदर थाने के चार सिपाहियों राहुल सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, कृष्ण कुमार और शाहिद खान को निलंबित कर थाना प्रभारी राजेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।शनिवार को पुलिस कार्यालय से बताया गया कि कार्रवाई के साथ मामले की विभागीय जाँच के आदेश दिए गए हैं।

## डेंगू रोगियों के साथ जिला अस्पताल में सही ढंग से नहीं हो रहा इलाज – सत्यभान सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस समय जहां एक ओर शहर से लेकर गांव तक डेंगू व टाइफाइड जैसे खतरनाक संक्रामक बीमारी अपना पांव पसार चुका है। जिसका जीता जागता उदाहरण इस समय जिला चिकित्सालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों झोलाछाप डॉक्टरों के यहां तक दिखाई देता नजर आ रहा है।परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी चुप्पी साधे हुए हैं। इस गंभीर समस्या पर पर भारत की जनवादी नौजवान सभा के पूर्व प्रदेश महासचिव व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने जिला अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज डेंगू व टाइफाइड के मरीज तेजी के साथ बढ़ रहे है और हालात यह है कि अस्पताल में सिर्फ 8 बेड ही डेंगू व टाइफाइड मरीजों के लिए है और डेंगू मरीजों को अलग –अलग वार्डो में भर्ती कराया गया है जहां उनकी देखभाल पूरी तरीके से नही हो पा रहा है।कई मरीजों की हालत बेहद खराब है।डॉक्टरों से सही इलाज करने के लिये परिजन डाक्टर से बोलते है तो ये लोग रिफर करने की धमकी देते है।और डेंगू मरीजों के इलाज में घोर लापरवाही किया जा रहा है। जहां पर अनियमितता व ठीक से मरीजों की देखभाल नही हो पा रही है। वही दलालो द्वारा दवाएं बेंच ली जा रही है और दलालों के जमाबड़ा लगा रहता है।उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल प्रशासन की इस घोर लापरवाही के खिलाफ पार्टी सोमवर को जिलाधिकारी से मिलकर सही इलाज कराने,डॉक्टरों की लापरवाही पर रोक लगाने,और मरीजों को ठीक से दवा कराने व उनकी देखभाल और डेंगू मरीजों के लिए पर्याप्त बेड की व्यवस्था कराने की,पूरे शहर में फॉगिंग कराने, मांग करेगा।अगर इस पर कार्यवाही नही होती तो पार्टी आंदोलन करने पर बाध्य होगी।



## वायु प्रदूषण के लिहाज से लखनऊ समेत 17 शहर संवेदनशील

लखनऊ ब्यूरो : उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन मानकों का पालन न करने पर जिम्मेदार लोगों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बोर्ड के सदस्य सचिव अजय शर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण के लिहाज से प्रदेश के 17



शहर आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, अनपरा, गजरौला, खुर्जा, बरेली, मुरादाबाद, झांसी, फिरोजाबाद, रायबरेली और गोरखपुर काफी संवेदनशील हैं। नगर निकायों में मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर के माध्यम से सड़कों की नियमित सफाई के साथ पानी छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं। कई शहरों में एंटी स्मॉग गन का भी प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से जनित वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कार्यदायी संस्थाओं के लिए बोर्ड के एप पर सेफ ऑडिट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 20 शहरों में 49 वायु गुणता अनुश्रवण केंद्रों और 25 शहरों में 78 स्थानों पर मैनुअल विधि से वायु गुणता की नियमित निगरानी की जा रही है।

## परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा मेला–2022 दिनांक 01 नवम्बर से 08 नवम्बर 2022 के मध्य सम्पन्न होगा–जिलाधिकारी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला–2022 दिनांक 01 नवम्बर से 08 नवम्बर 2022 के मध्य सम्पन्न होगा। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेटों की ड्युटी लगायी गयी है, जिसमें प्रथम जोन पंचकोसी/चौदह कोसी परिक्रमा क्रासिंग चक्रतीर्थ से लक्ष्मण घाट पुलिस चौकी होते हुये वासुदेव घाट तिराहा के पहले तक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट श्री महेन्द्र कुमार सिंह अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व व जोनल मजिस्ट्रेट अनुराग प्रसाद डिप्टी कलेक्टर को लगाया गया है। द्वितीय जोन वासुदेव घाट तिराहा से हलकारा का पुरवा तक होते हुये अचारी सगरा तालाब तिराहा के पहले तक जोनल मजिस्ट्रेट रामकुमार शुक्ला सहायक अभिलेख अधिकारी को लगाया गया है। तृतीय जोन में अचारी सगरा तालाब तिराहा से जनौरा बाईपास क्रासिंग के पहले तक जोनल मजिस्ट्रेट श्री आर0पी0 सिंह परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को लगाया गया है। चतुर्थ जोन जनौरा बाईपास क्रासिंग से सहादतगंज हनुमानगढ़ी रोड क्रासिंग के पहले तक जोनल मजिस्ट्रेट अमित जायसवाल उपजिला मजिस्ट्रेट मिल्कीपुर को लगाया गया है। पंचम जोन सहादतगंज हनुमानगढ़ी रोड क्रासिंग से अफीम कोठी होते हुये पंचकोसी/चौदह कोसी क्रासिंग चक्रतीर्थ तक जोनल मजिस्ट्रेट श्री विशाल कुमार उपजिला मजिस्ट्रेट श्री विशाल कुमार को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेटों व आरक्षित मजिस्ट्रेटों को भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि चौदहकोसी परिक्रमा के अवसर पर दर्शननगर रेलवे कासिंग (स्थित दर्शन नगर रेलवे स्टेशन) एवं मोदहा रेलवे कासिंग (स्थित अयोध्या कैण्ट रेलवे स्टेशन) तथा पंचकोसी परिक्रमा आसिफबाग रेलवे कासिंग अयोध्या (स्थित अयोध्या रेलवे स्टेशन), रानोपाली रेलवे कासिंग (बड़ी बुआ) (स्थित अयोध्या रेलवे स्टेशन) परिक्रमा मार्ग पर है, जिस पर परिक्रमार्थी अनवरत रूप से 24 घण्टे रेलवे कासिंग क्रास कर परिक्रमा करते हैं। उक्त अवधि में इन रेलवे कासिंगों से आने–जाने वाली सभी ट्रेनों की गति अधिकतम 10 किलोमीटर प्रति घण्टाध्कॉसन की गति से एवं दूर से ही लगातार हार्न बजाते हुए तथा पर्याप्त लाइट जलाते हुए चलाने की आवश्यकता है। परिकमा मार्ग पर रेलवे कासिंगों पर शांति/सुरक्षा हेतु लगाये गये निम्नलिखित मजिस्ट्रेटगण को उक्त रेलवे कासिंगों के पहले के रेलवे स्टेशन, जहां से ट्रेन जा रही है, उनके स्टेशन अधीक्षक सम्बन्धित मजिस्ट्रेटगण को ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर तथा ट्रेन के स्टेशन से छूटने पर तत्काल अवगत करायें, जिससे कि सम्बन्धित मजिस्ट्रेटगण एवं पुलिस अधिकारी तत्काल रेलवे कासिंगों पर भीड़ को नियन्त्रित कर सकें। उन्होंने बताया कि चौदहकोसी परिकमा दिनांक 01 नवम्बर से 02 नवम्बर 2022–दर्शन नगर रेलवे क्रासिंग पर जोनल मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार बीकापुर अयोध्या (9454416108) व स्टेटिक मजिस्ट्रेट बृजेश कुमार मौर्य, वाणिज्य कर अधिकारी, 7007896408, मोदहा रेलवे क्रासिंग 2 पर जोनल मजिस्ट्रेट राज कुमार पाण्डेय, तहसीलदार सदर अयोध्या (9454416107) स्टेटिक मजिस्ट्रेट हुदा सिद्दीकी, जिला गन्ना अधिकारी, 7465815181 (ड्यूटी स्थल मोदहा रेलवे क्रासिंग केबिन में लगातार उपस्थित रहकर जोनल मजिस्ट्रेट एवं नगर मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करते हुए कन्ट्रोल रूम को अवगत करायेगें कि कितनी गाड़िया पास हो चुकी है एवं किसी भी अपरिहार्य स्थिति में नगर मजिस्ट्रेट से तत्काल सम्पर्क करेगें तथा समस्या का समाधान करायें।) उन्होंने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा दिनांक 03 नवम्बर से 04 नवम्बर 2022 आसिफबाग रेलवे क्रॉसिंग अयोध्या पर जोनल मजिस्ट्रेट पवन कुमार गुप्ता, तहसीलदार, सोहावल अयोध्या 9454416110 व स्टेटिक मजिस्ट्रेट यामिनी रंजन परियोजना अधिकारी डूडा, 8573002271 तथा रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग अयोध्या पर जोनल मजिस्ट्रेट हेमन्त कुमार गुप्ता, तहसीलदार मिल्कीपुर 9454416109 स्टेटिक मजिस्ट्रेट श्री सकल देव यादव, अवर अभि०विद्युत यांत्रिक खण्ड, लो०नि०वि०, 9839074262 की ड्युटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त रेलवे क्रॉसिंग पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु अपने विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने स्तर से निर्देशित करें साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करें कि आपके विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपरोक्तानुसार रेलवे कासिगों पर तैनात मजिस्ट्रेटगण से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सूचनाएं भी समय–समय पर सम्बन्धित मजिस्ट्रेट को देते रहें।

## जिलाधिकारी ने शिक्षा क्षेत्र मसौधा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शिक्षा क्षेत्र मसौधा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय हांसापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं की अध्ययनरत बच्चों से पुस्तकों को पढ़वाकर तथा गणित के सवालों को लगवाकर उनके शैक्षिक स्तर को परखा। जिलाधिकारी ने समस्त कक्षाओं की प्रत्येक बच्चें के शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें उनके वास्तविक शैक्षिक स्तर के अनुरूप विभाजित कर गुणवत्तापूर्ण एवं रूचि कर शिक्षा प्रदान करते हुये सभी बच्चों को उनके कक्षा के शैक्षिक स्तर तक लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों में बच्चों का बेस लाइन एसएसमेंट कर लेबल वाइज लर्निंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को रूचि कर शैक्षिक गतिविधियों, टीएलएम का बेहतर प्रयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को कहा। इसी के साथ ही बच्चों का नियमित शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की स्थिति का मूल्यांकन करने के भी निर्देश दिये है। उन्होंने विद्यालयों में बेहतर साफदृसफाई रखने तथा बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाने तथा उपस्थिति शत प्रतिशत रखने के निर्देश दिये। इस दौरान बच्चों द्वारा बताया गया कि उन्हें नियमित रोस्टर के अनुरूप मिड–डे–मिल प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने व समस्त बच्चों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराने तथा बच्चों का समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया।

## पटरंगा पुलिस नें गायब दो युवतियों को किया बरामद

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पटरंगा थाना क्षेत्र से गायब हुई दो युवतियों को पटरंगा पुलिस ने बरामद किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के दिशा निर्देश पर पटरंगा पुलिस ने अपराधियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अपहर्ताओं की बरामदगी के लिए सघन चेकिंग अभियान चला रही थी।तभी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो युवतियां मवई चौराहा पर कहीं जाने लिये किसी के इंतजार में खड़ी हैं।जिसकी सूचना मिलते ही उप निरीक्षक कमलेश कुमार सरोज,महिला कांस्टेबल कंचन देवी व कांस्टेबल अशोक यादव के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए उक्त स्थान पर पहुंचकर मवई चौराहा के पास से दोनों अपहृत युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया।सनद रहे कि गायब युवतियों के परिजन की तहरीर पर 24 तारीख को पटरंगा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।ज्ञात हो पटरंगा थाना क्षेत्र के दफीयापुर गांव से 23 अक्टूबर की शाम को दो युवतियां गायब हो गई थी।परिजनों के काफी तलाश करने के बाद भी युवतियों का कोई पता नहीं चला।24 तारीख को गायब युवती की माता शमीमा पत्नी मोहम्मद नफीस ने पटरंगा थाना में अपनी 17 वर्षीय पुत्री व उसकी दोस्त रहीमा बानो पुत्री शमीम 16 वर्षीय के अपहरण किए जाने का शिकायती पत्र पटरंगा थाना में दिया जिस पर पटरंगा पुलिस ने 211/22 ,363 की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।मुकदमा पंजीकृत करने के बाद पटरंगा पुलिस ने गायब हुई युवतियों की खोज में लग गई और दोनों को अपहृत युवतियों को मवई चौराहा के पास से सकुशल बरामद कर लिया। इस संबंध में कमलेश कुमार सरोज ने बताया कि दोनों युवतियों सकुशल बरामद कर लिया गया।

## बेसिक शिक्षा विभाग में जनपदीय स्थानांतरण को लेकर सरकार ने जारी की यह गाइड लाइन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी तथा जूनियर हाई स्कूल के शिक्षा के स्तर को ऊपर लाने के क्रम में लगातार बड़े प्रयोग कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने अब ग्रामीण क्षेत्रों के परिषदीय स्कूलों में पढ़ा रहे सहायक अध्यापकों का नगर क्षेत्र के स्कूलों में तबादला करने का फैसला किया है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से इसका आदेश भी जारी कर दिया गया है। अब जल्दी ही अंतर जनपदीय तबादले के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख की भी घोषणा भी की जाएगी। प्रदेश में तय मानक के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में छात्र तथा शिक्षक अनुपात 77 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक स्कूलों में छात्र तथा शिक्षक अनुपात 40 प्रतिशत ही है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात अच्छा है ऐसे में जरूरत के अनुसार शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ा रहे सहायक अध्यापकों का स्थानांतरण किया जाएगा। महिलाओं, दिव्यांगों और गंभीर रोगियों को प्राथमिकता दी जाएगी। एनआइसी की मदद से जल्द पोर्टल शुरू किया जाएगा और शिक्षकों से आवेदन लिया जाएगा।

## संपन्न हुई जूडो प्रतियोगिता

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : वर्ल्ड जूडो डे मनाया गया ,जूडो एसोसिएशन के तत्वाधान में मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या में जूडो दिवस समारोह बच्चों की प्रतियोगिता के द्वारा मनाया गया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में गोंडा ,बस्ती ,सुल्तानपुर ,बलरामपुर , फैजाबाद ,अयोध्या के बच्चे शामिल हुए सभी बच्चे मूक–बधिर दिव्यांग थे। कोच संजय द्वारा पहले बच्चों को प्रतियोगिता की बारीकियों को समझाया गया फिर गेम प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिग्नेश ,ओंकार को गोल्ड तथा रिया ,रजनीश को सिल्वर तथा सुमित, अभिषेक ,शिवशंकर को ब्रोंज अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार मिला। महासचिव राघवेंद्र अवस्थी ने बताया शीघ्र ही बच्चे स्टेट जूडो चौंपियनशिप खेलने जाएंगे जो भी दिव्यांगों तथा ब्लाइंड बच्चे खेलना जाना चाहते हैं वह संस्था से सम्पर्क करे।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी व वोट बढ़ाने के काम में शिथिलता के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट से मिला समाजवादी महानगर कमेटी का प्रतिनिधिमण्डल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी का प्रतिनिधिमंडल महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट मिलकर ज्ञापन सौंपा, माहनगर अध्यक्ष ने कहा की किसी भी वार्ड में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची कासुचारु रुप से कार्य नहीं शुरू हुआ है जिन वार्डों का परसीमन किया गया है उसका नक्शा बीएलओ के पास उपलब्ध नहीं है महानगर अध्यक्ष ने कहा समाजवादी पार्टी मांग करती है कि मतदाता सूची में वोट बढ़ाने का कार्य तिथि 15 दिन बढ़ाई जाए ,सभी बीएलओ को नक्शा अनुरूप मतदाता सूची उपलब्ध कराकर मतदाताओं का नाम बढ़ाया जाए जिससे चुनावों निष्पक्ष रुप से संपन्न हो ,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने आरोप लगाया कि जानबूझकर जिस वार्ड का रहने वाला नागरिक है उसका नाम दूसरे वार्ड में दर्शाया गया है , बीएलओ को भी पूरी जानकारी नहीं है जिससे मतदाता भटक रहा है, बीएललो के देर से ड्यूटी लगाई गई ,हमारी मांग है कि मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के कार्य तिथि बढ़ाई जाय जिससे कि नगर निगम चुनाव निष्पक्ष हो सके । महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि प्रतिनिधिमण्डल में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, अखिलेश पांडे, मनीष कुमार मिश्र, अनीस यादव मौजूद थे।

## एन आई कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के अमर्यादित व्यवहार से हुआ उनके कोर्ट का बहिष्कार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शासन द्वारा कोर्ट फीस में बेतहाशा वृद्धि किए जाने से नाराज फैजाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओ ने शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध जताया। बार एसोसिएशन के आचार्य नरेंद्र देव सभागार में अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि शासन द्वारा कोर्ट फीस में की गई बेतहाशा वृद्धि को लेकर सोमवार को बैठक करके आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोर्ट फीस में की गई वृद्धि से आम नागरिक पर बोझ बढ़ेगा जिससे न्याय चला निर्धन की ओर का नारा भी झूठा साबित होगा। वही बैठक में एन आई एक्ट न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं व वादकारियों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार से उनके न्यायालय का बहिष्कार करने का निर्णय भी लिया गया। एन आई एक्ट कोर्ट पर पीठासीन अधिकारी द्वारा आए दिन अधिवक्ताओं व वादकारियों साथ अमर्यादित व्यवहार किया जा रहा था जिसकी शिकायत कई अधिवक्ताओं ने संघ में किया था। महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि कोर्ट फीस में किए गए भारी इजाफा को लेकर 'प्रदेश के सभी बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष से सहयोग के लिए पत्र भेजा जाएगा तथा सब की राय से नवंबर माह में विरोध की रुप रेखा तय की जायेगी।अतिरिक्त न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह अरविंद सिंह मानवेन्द्र दूबे राज कपूर सिंह विकास श्रीवास्तव नरेंद्र श्रीवास्तव नवीन मिश्रा आलोक खरे शैलेंद्र जायसवाल अजय वर्मा राकेश मिश्रा अमर यादव रणधीर पांडे सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या टोल टैक्स को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : गुरुवार को रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत तहसीनपुर टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी, मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मिली तहरीर पर पुलिस घटना की जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है आरोप है कि गुरुवार को एक चार पहिया वाहन कार को पास कराने में लगने वाले टोल टैक्स को लेकर तहसीनपुर टोल प्लाजा पर कार्यरत टोलकर्मी महेश तिवारी और स्थानीय युवक अंकुर मिश्रा के बीच कहासूनी हो गई। इस बीच दोनों पक्षों विवाद बढ़ गया। इसके बाद दोनों पक्षों से दर्जन भर से अधिक लोग टोल प्लाजा पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज के साथ बात बढ़ गई और जमकर मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर मामले को शांत कराया था। टोल प्रबंधक आशु सिंह भदौरिया ने बताया कि टोल टैक्स को लेकर विवाद और मारपीट हुई है। लेकिन मामले में दोनो पक्षों की तरफ से थाने पर तहरीर दे दी गई थी। इसके बाद रौनाही पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नवंबर में निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण होगा शुरू

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इसी वर्ष दिसंबर में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों को अमली जामा पहनाने जुट गया है। चुनाव को लेकर मतदाता सूची में नाम बढ़वाने और कटाने का काम जारी होने के बीच राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक एक नवंबर से निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण किया जायेगा। आयोग का पत्र मिलने के बाद जिले में एक नगर निगम, एक नगर पालिका और दो नवसृजित समेत कुल पांच पंचायतों के चुनाव के लिये पुनरीक्षण को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि नगर निकाय के निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त मनोज कुमार ओर से अधिसूचना जारी की गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण एक नवंबर से शुरू होगा। जिसके लिए ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर को किया जायेगा। कार्यक्रम मुताबिक एक नवंबर से सात नवंबर के बीच ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों का निरीक्षण कर दावा और आपत्ति हासिल की जाएगी तथा आठ नवंबर से 12 नवंबर के बीच प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण होगा। वहीं 14 नवंबर से 17 नवंबर के बीच दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पूरक निर्वाचक सूचियों की पाण्डुलिपि तैयार कराई जाएगी और इसे मूल सूची में यथास्थान समाहित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद 18 नवंबर को तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन कर दिया जायेगा।

## डेंगू बुखार फैल रहा है अपने घुटनों से पैर के पंजे तक नारियल का तेल लगायें–डॉक्टर आयुर्वेदिक डॉक्टर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डेंगू बुखार फैल रहा है। अपने घुटनों से पैर के पंजे तक नारियल का तेल. लगायें। मिट्टी का तेल और सरसों का तेल दोनों मिक्स करके भी लगाएं अभूतपूर्व काम करता है यह एक एंटीबायोटिक परत की तरह सुबह से शाम तक काम करता है। डेंगू का मच्छर घुटनों तक की ऊँचाई से ज्यादा नही उड़ सकता है। गले में खराश होने पर काली मिर्च और गाय का घी सेंधा नमक के साथ दिन में दो से तीन बार पीले, किसी को डेंगू हुआ हो तो हरी इलायची के दानो को मुँख में दोनो तरफ रखे, ख्याल रहे , चबाये नही. खाली मुँख में रखने से ही खून के कण नार्मल और प्लेटलेट्स तुरंत ही बढ़ जाते हैं। पपीते के पत्ते का रस शहद के साथ चमत्कार की तरह काम करता है 24 घंटे के भीतर प्लेटलेट काउंट 68,000 से बढ़कर 2,00,000 हो गया। बकरी का दूध सुबह शाम, इसके अलावा कीवी, नारियल पानी, ग्लूकोज, आदि लिक्विड बार बार देते रहें। छोटी इलायची के दाने मुख में दबाकर रखें। पूरे भारत में डेंगू बुखार फैला है। दूध में इलायची डालकर पीते रहे कुटकी चिरायता दालचीनी मुलेठी सेंधा नमक की चाय बनाकर सुबह–शाम जरूर करें पानी उबालकर ही सेवन करें अयोध्या सहित कई जनपदों में डेंगू का प्रकोप बहुत तेजी से फैल रहा है इसलिए अपना और परिवार का बचाव करें।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।